# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी,कोण्डागांव
# जिला-कोण्डागांव (छ0ग0)

**DIST. COLLECTORATE OFFICE COMPOSITE BUILDING 1st FLOOR E-mail ID- deo.kondagoan@gmail.com**

क्रमांक / 1184 / जि0शि0अ0 / ज.नवो.वि / 2019 कोण्डागांव, दिनांक 13 / 03 / 2019

प्रति,

**वनमण्डलाधिकारी**
**दक्षिण कोण्डागांव वनमण्डल**
**जिला – कोण्डागांव (छ0ग0)**

**विषयः–** **Diversion of Forest land for non-forest purpose under Forest Conservation Act, 1980 Proposed for Jawahar Navoday Vidhyalaya Area 5.00 ha. Regarding**
**Online Registration No. FP/CG/SCH/32242/2018**

**संदर्भः–** **आपका कार्यालयीन पत्र क्रं / मा.चि. / 127 कोण्डागांव, दिनांक 14 / 01 / 2019 ।**

----000----

संदर्भित विषयांतर्गत लेख है कि परिक्षेत्र दहिकोंगा के संरक्षित वन कक्ष क्रं. पी–794 में 5.00 हे. वनभूमि जवाहर नवोदय विद्यालय भवन निर्माण के गैर वानिकी उपयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के दिशा निर्देशों के परिपालन में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, जिसमें आपके द्वारा प्रस्ताव में कमियों को दूर करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसकी जानकरी तैयार कर निम्नानुसार प्रस्तुत है :–

01. जवाहर नवोदय विद्यालय हेतु प्रस्तावित क्षेत्र 5.000 हे. में आने वाले 1200 वृक्षों में से निर्माणाधीन कार्य हेतु प्रस्तावित क्षेत्र में 43 वृक्षों का ही विदोहन किया जाना है, शेष 1157 वृक्षों का विदोहन नहीं किया जाना है, शेष वृक्ष यथावत सुरक्षित रखा जावेगा। प्रमाण पत्र संलग्न है।

02. परियोजना में तीन वैकल्पिक क्षेत्रों का चयन कर तुलनात्मक विवरण संलग्न है।

03. वन क्षेत्र की आवश्यकता न्यूनतम होने संबंधी प्रमाण पत्र पृष्ठ क्रमांक 17 में संलग्न है। प्रस्तावित स्थल के निर्माण कार्य का ले–आउट संलग्न है, तथा भूमि उपयोग 1.000 हे. में भवन निर्माण व शेष 4.000 हे. में बाउण्ड्रीवाल निर्माण करवाकर पर्यावरण की दृष्टि को ध्यान में रखते हुये पार्किंग व बगीचा का निर्माण किया जावेगा। वृक्ष विदोहन की आवश्यकता नहीं है।

04. जवाहर नवोदय विद्यालय की आवश्यकता के संबंध में प्रशासकीय स्वीकृति की प्रमाणित प्रति संलग्न है।

अतः उपरोक्त कमियों की पूर्ति उपरांत संशोधन कर 5 प्रतियों में प्रस्ताव मय डी.जी.पी.एस. सर्वे रिपोर्ट सहित संलग्न है, एवं प्रकरण को ऑनलाईन ई.डी.एस. कर दिया गया है। प्रस्ताव को ऑनलाईन सबमिट करते हुये अग्रिम कार्यवाही करने का कष्ट करेंगे।

**संलग्नः–** **प्रस्ताव।**

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**जिला कोण्डागांव(छ0ग0)**

पृ0 क्रं. / 1185 / जि0शि0अ0 / ज.नवो.वि. / 2019 कोण्डागांव, दिनांक 13 / 03 / 2019

**प्रतिलिपिः–**

1. कलेक्टर, जिला कोण्डागांव को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

**जिला शिक्षा अधिकारी**
**जिला कोण्डागांव(छ0ग0)**